डीएमआरसी मेट्रो 3 का संचालन करेगी

मुंबई (भाषा), मुंबई मेट्रो रेल निगम (एमएमआरसी) ने शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) लिमिटेड को शहर के पहले पूरी तरह से भूमिगत गलियारे कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो की लाइन तीन के संचालन और रखरखाव का अनुबंध दिया। एमएमआरसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के बाद 10 साल की अवधि के लिए अनुबंध दिया गया। इसमें कहा गया है कि डीएमआरसी मेट्रो लाइन के दिन-प्रतिदिन के संचालन के लिए जिम्मेदार होगा, जिसमें संचालन नियंत्रण केंद्र, डिपो नियंत्रण केंद्र, स्टेशन, रेलगाड़ियों का रखरखाव और प्रबंधन तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है।